**अपराध** — हाऊसिंग बोर्ड कलोनी, सिविल लाइन में वारदात, छानबीन में जुटी पुलिस

## युवक की चाकू से गोदकर हत्या





**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस एसएफएल टीम के साथ मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और हत्या का प्रकरण दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका फिलहाल पुलिस पता लगाने में जुटी है। टीआई अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि मोनू झारिया पिता मोहन झारिया 18 वर्षीय निवासी रामपुर मांडवा बस्ती को संगम टेंट हाउस के पास स्कूटी एक्सिस से पहुंचे चार से पांच आरोपियों ने रोक लिया। मोनू कुछ समझ पाता इसके पहले ही हमलावरों ने उसे पकड़ लिया और उस पर चाकुओं से वार कर दिए। हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### घेरकर ताबड़तोड़ किए वार

मृतक की मां सविता झारिया ने रोते बिलखते हुए बताया कि उनका बेटा घर में ही दुकान चलाता था। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास खड़ा था तभी आरोपियों ने घेरकर बेहरमी से ताबड़तोड़ वार कर उसके बेटी की हत्या कर दी। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जुटाए साक्ष्य, खंगाले जा रहे फुटेज

सूचना मिलते ही अति पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता मौके पर पहुंच गए थे उन्होंने बताया कि आरोपी कौन थे और हत्या किन कारणों से हुई है इसकी जानकारी नहीं लग सका है मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस एवं एफएसएल टीम ने मौका-ए-वारदात से अहम साक्ष्य जुटाए है। साथ ही पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### मृतक का आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक मोनू झारिया का आपराधिक रिकॉर्ड है। गोरखपुर थाने में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट समेत अन्य मामले दर्ज है। हत्या पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दिया जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस हर एंगल पर छानबीन कर रही है।

### हत्या करने के इरादे से पिता-पुत्र पर चाकू से वार

रांझी थाना अंतर्गत जलशोधन के पास सोमवार शाम हत्या करने के इरादे से बदमाश ने पिता-पुत्र पर चाकू से वार कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक भारत वंशकार 55 वर्ष निवासी आजाद नगर गोकलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। सोमवार को वह अपने परिवार के साथ जलशोधन के पास सब्जी बाजार से सब्जी खरीदने आया था शाम लगभग 4-15 बजे रांझी करौंदी निवासी शंकर सेन जिससे उसकी रंजिश चल रही है, विवाद करने लगा जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी। उसका बेटा आदेश वंशकार बीच बचाव करने लगा तो शंकर सेन ने जान से मारने की नियत से बेटे आदेश वंशकार 22 वर्ष के कमर में वायें तरफचोट पहुँचा दी।

### पति ने सरेराह पत्नी के बाल पकड़कर घसीटा, चाकू मार धमकाया

संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गुलौआ चौक में सरेराह पति ने पत्नी के बाल पकड़कर घसीटा और इसके बाद उसे धमकाते हुए चाकू मार दिया। हमले में घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक श्रुति ठाकुर निवासी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका प्रेमविवाह माह मई 2023 में धीरेन्द्र उर्फ रवि सोंधिया निवासी मदन महल से हुआ था। शादी के 15 से 20 दिन बाद ही पति रवि शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगा था जिसके चलते वे मायके में रह रही है। पति ने फोन करके उसे बात करने के लिए गुलौआ चौक बुलाया जहां पति विवाद कर उसके बाल पकड़कर घसीटने लगा और चाकू से हमलाचोट पहुंचा दी।

## नोटिस के बाद मालिक ने खुद हटाया अतिक्रमण

**निगमायुक्त की सख्ती का दिखा असर**



**नवभारत, जबलपुर।** शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर नगर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के सख्त रुख के बाद निगम प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। नगर निगम की भवन शाखा और अतिक्रमण दस्ते द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

सोमवार को स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड के अंतर्गत एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जहां निगम के नोटिस के दबाव में भवन स्वामी ने स्वयं ही अवैध निर्माण को हटाने की पहल की। घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर के सामने भवन स्वामी इश्तहार हुसैन द्वारा भवन मानचित्र की स्वीकृत शर्तों का उल्लंघन कर मकान के सामने के हिस्से में अवैध निर्माण किया गया था। नगर निगम की भवन शाखा ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूर्व में सूचना पत्र (नोटिस) जारी किया था।

निगम द्वारा जारी नोटिस और सख्त कार्रवाई से भवन स्वामी इश्तहार हुसैन ने कानून का पालन करते हुए स्वयं ही स्वीकृत नक्शे के विरुद्ध किए गए निर्माण को हटा लिया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि स्वामी द्वारा इसे नहीं हटाया जाता, तो निगम का दस्ता बलपूर्वक इसे जमींदोज कर देता। वहीं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निर्देश दिए हैं कि शहर में कहीं भी बिना अनुमति या नक्शे के विपरीत निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदित हो कि भवन शाखा और अतिक्रमण दस्ता अब उन सभी क्षेत्रों को चिन्हित कर रहा है जहां मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जे किए गए हैं।

### कटंगी-पाटन बाईपास की शराब दुकानों पर चला नगर निगम का डंडा

स्वास्थ्य विभाग और अतिक्रमण दल की संयुक्त टीम ने कटंगी बाईपास और पाटन बाईपास स्थित शराब दुकानों और आस-पास के क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। कार्यवाही के दौरान शराब दुकान संचालकों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी पर चलानी कार्यवाही की गई। इसके अलावा, सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित ठेले और टपरों पर भी कार्रवाई हुई, जहाँ प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पानी के पाउच बेचे जा रहे थे, इनके विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 12 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया और 50 बोरी पानी पाउच, सिंगल यूज डिस्पोजल 40 पैकेट, घरेलू सिलेंडर 05 नग और 1 टपरा ज़ब्त किया गया।

## दुकानदारों से कराई गई गंदगी साफ, काटे चालान

▸ नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की त्रिपुरी चौक पर कार्रवाई



**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वास्थ्य और अतिक्रमण दस्ते द्वारा नगर निगम के संभाग क्रमांक 2 (कछपुरा) अंतर्गत आने वाले वीरेंद्रपुरी वार्ड के त्रिपुरी चौक पर सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने और यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गयी और अतिक्रमण हटाकर मार्ग को भी सुगम बनाया गया।

कार्रवाई के संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अमन चतुर्वेदी ने बताया कि स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर एक विशेष कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य और अतिक्रमण दस्ते ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए न केवल अवैध ठेले वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की, बल्कि एक अनूठी पहल के तहत उन ठेले वालों से ही उस स्थान की सफाई भी कराई।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण और शहर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए उन दुकानदारों और रेहड़ी वालों पर जुर्माना लगाया गया जो कचरा सड़क पर फेंक रहे थे। प्रशासन का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का एहसास कराना था। नगर निगम के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा उसी स्थान पर गंदगी फैलाई गई या अवैध कब्जा किया गया, तो सामान ज़ब्ती के साथ-साथ और भी सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

### डीपीओ का पद संभालेंगे वरुण चतुर्वेदी

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे में पर्सनल (कार्मिक) विभाग में सोमवार को कई तबादले किये गये हैं, जिसमें जबलपुर के सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा के एनसीआर पदोन्नति पर हुए तबादले के बाद उन्हें रिलीव करते हुए उनकी जगह मंडल में डीपीओ पद पर कार्यरत वरुण चतुर्वेदी को जिम्मेदारी दी गई है अन्य तबादलों में स्वाति अग्रवाल चेयरमैन आरआरसी जबलपुर से डिप्टी सीपीओ (एचआरडी) पमरे मुख्यालय, कोटा मंडल में पदस्थ सीनियर डीपीओ सुप्रकाश को चेयरमैन आरआरसी जबलपुर स्वाति अग्रवाल की जगह, डीपीओ कोटा में पदस्थ अविरल शर्मा को जेएजी में प्रमोशन देते हुए कोटा मंडल में ही सीनियर डीपीओ के पद पर पदस्थी के आदेश जारी।

## शहर में बढ़ते अपराधों पर सरकार चुप्प : रीना

**मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने साधा निशाना**



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान- दोनों महिला नेतृत्व, सम्मान और न्याय की अटूट परंपरा से जुड़े हैं। जबलपुर में बढ़ते अपराधों पर सरकार की चुप्पी और कमजोर महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता सरकारी प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। अपराध नियंत्रण छोड़कर कमजोर वर्ग की महिलाओं को अपमानित करना किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। ये सारी बातें सोमवार को पत्रकारवार्ता के दौरान मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहीं। इस मौके पर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस जबलपुर में हालिया घटनाओं को लेकर गहरी चिंता और कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महिला कांग्रेसी नेत्रियों ने ये भी कहा कि क्रिसमस के पावन अवसर पर चर्च परिसर में एक नेत्रहीन महिला से अभद्रता न केवल अमानवीय है, बल्कि संविधानिक मूल्यों का सीधा उल्लंघन है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस मांग करती है कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल, निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई की जाए और जबलपुर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### कार सवारों ने ट्रक से चुराया 50 लीटर डीजल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी वायपास स्थित गौरीशंकर धर्मकांटा में खड़े ट्रक से कार सवार चोरों ने 50 लीटर डीजल चुरा लिया। पुलिस ने बताया कि जुगल किशोर पटेल 33 वर्ष निवासी आईटीआई चुंगी नाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गौरीशंकर धर्मकांटा में मैनेजर का काम करता है उसके ट्रक क्रमांक एमपी 09 एच जी 1836 व एमपी 20 जेड एन 5298 है दोनों ट्रक कटंगी वायपास स्थित गौरीशंकर धर्मकांटा में खडे रहते हैं। सोमवार सुबह इनोवा कार से तीन लोग उतरे और ट्रक क्रमांक एमपी 09 एच जी 1836 के डीजल टेंक को तोड़कर टेंक में शटक डालकर गुम्मा में 50 लीटर डीजल चोरी कर भाग गए।

## तय समय पर ही होंगी रादुविवि में स्नातक परीक्षाएं

▸ प्रथम वर्ष की सुबह, द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं होंगी दोपहर बाद, आदेश जारी



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025 की परीक्षाएं पूर्व घोषित परीक्षा समय-सारिणी के अनुरूप ही आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय ने आदेश जारी किया है कि बीए , बीएससी, बीकॉम, बीकॉम (ऑनर्स) एवं बीएचएससी प्रथम वर्ष की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। वहीं बीए , बीएससी, बीकॉम, बीकॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं अपराह्न 1 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न कराई जाएंगी। यह परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार ही संचालित की जाएंगी। विश्वविद्यालय ने सभी संबंधित महाविद्यालयों एवं परीक्षार्थियों से समय-सारिणी का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

## शांति-उत्साव से मनाये नव वर्ष, चेकिंग, निगरानी होगी

▸ एएसपी ने ली होटल,बार, पब संचालकों की बैठक



**जबलपुर।** नववर्ष के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना, शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखना है। नववर्ष का उत्सव शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता द्वारा नववर्ष के आगमन के पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शहर के होटल, बार, पब संचालकों की बैठक लेते हुए कहीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता द्वारा आयोजकों को निर्धारित समय-सीमा, क्षमता से अधिक भीड़ एकत्र न करने, तेज आवाज में संगीत न बजाने, महिला सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देने, नाबालिगों को शराब न परोसने, शराब सेवन के पश्चात वाहन न चलाने, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षित विधुत कनेक्शन एवं शालीनता बनाए रखने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाने संबंधी निर्देशों से अवगत कराया गया साथ ही किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अश्लीलता अथवा अवैधानिक कृत्य पर पूर्ण प्रतिबंध एवं नियम के उल्लंघन पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने कहा गया। बैठक के दौरान सभी आयोजकों से पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों के अक्षरश: पालन हेतु शपथ पत्र भी लिये गये एवं स्पष्ट किया कि नववर्ष के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी एवं सघन चेकिंग की जाएगी।

### घेराबंदी कर पकड़ा गया युवक

जबलपुर, नवभारत। रेलवे स्टेशन जबलपुर यार्ड में रविवार रात आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। युवक के पास से इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया गया। आरपीएफ ने युवक को रेल पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कमलेश कुशवाहा निवासी जिला बांदा बताया। उसके पास एक काला पिट्ठू बैग और एक थैली थी। सामान के संबंध में पूछे जाने पर वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। जांच के दौरान बैग से एक टैबलेट, एक स्मार्ट वॉच, पांच पेन ड्राइव और पांच डाटा केबल बरामद की गई।

## परीक्षा परिणाम में देरी पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

नवभारत, जबलपुर। एनएसओ छात्र संगठन ने मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में कुलपति के नाम उपकुलसचिव राजेश मौर्या को ज्ञापन सौंपा। संगठन अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया कि नर्सिंग काउंसिल भोपाल में कथित फर्जीवाड़े और यूनिवर्सिटी में अधिकारियों की कमी के कारण नर्सिंग, पैरामेडिकल सहित अन्य विभागों के छात्रों के परीक्षा परिणाम, डिग्री और अन्य शैक्षणिक कार्य 2 से 3 वर्ष से लंबित हैं। उन्होंने बताया कि स्थायी अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने, पेंडिंग परिणाम घोषित करने, लेट चल रहे सत्रों में और देरी न करने, मार्कशीट सुधार कार्य समयबद्ध पूरा करने तथा सभी सत्रों की आगामी परीक्षाओं की तिथि घोषित करने की मांग की गई है। साथ ही नर्सिंग प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए कॉलेजों से पैनल न मंगवाकर यूनिवर्सिटी स्तर पर पैनल बनाकर परीक्षा कराने की मांग भी दोहराई गई। यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने मांगों पर शीघ्र और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पेट्रोल पंप कर्मचारियों की गुंडई : ग्राहकों पर किया हमला

**95 रूपए के बदले 90 रूपए देने पर उपजा विवाद**

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत एकता मार्केट के पास पेट्रोल पंप में पेट्रोल डलाने के बाद बचे 95 रूपए के बदले 90 रूपए देने पर उपजे विवाद पर पंप कर्मचारियों ने गुंडई दिखाई और ग्राहक एवं उसके दोस्त पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मोनू चौधरी निवासी गौर ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार रात्रि करीब 8:30 बजे पेट्रोल भराने जबलपुर पेट्रोलियम एकता मार्केट के पास से 105 रूपये का पेट्रोल डलवाया जिसमें कर्मचारी को 200 रुपये दिया। बाकी के बचे 95 रूपये उसने मांगा जिसमे कर्मचारी द्वारा बोला गया कि उसके पास 90 रूपये है 5 रूपये चिल्हर नहीं हैं तब उसके द्वारा बोला गया कि उसे 5 रूपये भी चाहिये इसी बात को लेकर पेट्रोल पम्प के कर्मचारी भानु प्रताप सिंह एवं अंकित पटेल दोनों विवाद करने लगे। भानु प्रताप सिंह ने किसी चीज से हमला कर चोट पहुंचा दी। दोस्त नितेन्द्र झारिया बीच बचाव करने आया तो उसको भी अंकित पटेल ने लात घूसों चाटों से मारा जिससे उसके दोस्त को भी चोट आ गई।

### आर्मी मैन के घर पर चोरी, जेवर, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत तिलहरी में चोरों ने आर्मी मैन के सूने घर पर धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवर और नगदी पर कर दी। सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गए हैं जिसके आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक तिलहरी निवासी तपन कुमार राव ने बताया कि उनके भाई भारतीय सेना में हैं और तिलहरी चग्गर फार्म में रहते हैं वे सपरिवार शहर से बाहर हैं। चोरों ने नगद और सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। सुबह जब पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी जानकारी तपन कुमार राव को दी जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले तो चोर कैमरे में कैद दिखे जिसके आधार पर पुलिस उनकी तफ्तीश कर रही है।

## पाटन में रिकॉर्ड, सिहोरा में अच्छा उत्साह

**पाटन में 89 और सिहोरा में हुआ 73 प्रतिशत मतदान**

**पंचायतों के उपनिर्वाचन में मतदाताओं ने दिखाई भागीदारी**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की देखरेख में पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के तहत सरपंच पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में ग्रामीण जनता ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत माड़ा में 89.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

इस आंकड़े ने क्षेत्र में ग्रामीण लोकतंत्र के प्रति गहरी जागरूकता और उत्साह को दर्शाया। इसके साथ ही जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत बुधुआ में कुल 73.61 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं ने सुबह से ही मतदान केंद्रों पर पहुँचकर लोकतंत्र में भागीदारी दिखाई। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपनिर्वाचन में ग्रामीण जनता की भागीदारी उम्मीद से अधिक रही। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखा गया। मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।



## गीता भवन सहित अन्य विकास कार्यों का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण


**उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य कराने के दिये निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में चल रहे अधोसंरचना और सिटी ब्यूटीफिकेशन के कार्यों को गति देने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार निरंतर सक्रिय हैं। इसी कड़ी में सोमवार को उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ विजय नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क, गीता भवन और शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्माण स्थल पर मौजूद इंजीनियरों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हों। प्रत्येक प्रोजेक्ट को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।

**बैठक** — कलेक्टर ने ली लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

## लाड़ली बहनें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से होंगी लिंक



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने लंबित पत्रों व सीएम हेल्पलाईन के विभागवार समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विभिन्न अखबारों में प्रकाशित समस्याओं के संबंध में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन समस?याओं को दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लाडली बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना जैसे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लिंक करें। बैठक में उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि आउटसोर्स अंतर्गत कार्य करने वाले व्यक्तियों को समय से नियमानुसार पारिश्रमिक मिले, इसके लिए संबंधित एजेंसियों की निगरानी करें। बैठक में भूमि आवंटन और एसआईआर अंतर्गत नोटिस जारी करने की समीक्षा भी की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे।

### पराली में दर्ज एफआईआर पर होगी कार्यवाही

इसके अलावा उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती के संबंध में चर्चा करते हुए पराली प्रबंधन अंतर्गत दर्ज एफआईआर और कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग की योजनाओं के साथ स्वरोजगार योजनाएं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले की 25 गौशालाओं को फंक्शनल करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही स्वरोजगार मूलक योजनाओं की दिशा में भी आवश्यक कार्यवाही करें।

### बिना रजिस्ट्रेशन स्कूल संचालन पर होगी कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 11 और राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा नीति 2013 के तहत, सभी निजी एवं शासकीय प्री-प्राइमरी व नर्सरी स्कूलों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है ।विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता या मान्यता निरस्त होने के बाद स्कूल संचालित करना दंडनीय अपराध है। स्कूल संचालकों से अनुरोध किया गया है कि वे विभाग के पोर्टल पर जल्द से जल्द पंजीयन कराएँ। महिला एवं बाल विकास विभाग ने चेताया है कि पंजीयन किए बिना संचालित होने वाले किसी भी स्कूल के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।